# एन एच डी सी लिमिटेड

(एनएचपीसी एवं मध्य प्रदेश शासन का संयुक्त उद्यम)

इंदिरा सागर पावर स्टेशन नर्मदा नगर (मध्य प्रदेश)

**विज्ञापन संख्या एनएचडीसी/2/एचआरडी/अप्रे./I/2024**

इंदिरा सागर पावर स्टेशन (1000 मेगा.) नर्मदा नगर एनएचडीसी लिमिटेड, मध्य प्रदेश राज्य में एक प्रीमियर जलविद्युत कंपनी की जलविद्युत उत्पादक इकाई है, जिसे मध्य प्रदेश अधिवासियों के इंजीनियरिंग स्नातक (बीई/बीटेक), डिप्लोमा और आईटीआई धारक को वर्ष 2024-25 के दौरान एक वर्ष की समयावधि हेतु अप्रेंटिस एक्ट 1961 तथा इसके संशोधित अधिनियम 2014 के प्रावधानों के अनुसार निम्नलिखित डिसिप्लिन/ब्रांच में अप्रेंटिस के रूप में लगाने की आवश्यकता है-

| क्र.सं | डिसिप्लिन | ग्रेजुएट अप्रेंटिस | डिप्लोमा/ टेक्निकल अप्रेंटिस | टेक्निशियन(वॉकेशनल) /आईटीआई अप्रेंटिस | उम्मीदवार द्वारा उत्तीर्ण अपेक्षित योग्यता |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सिविल इंजीनियरिंग | 4 | 2 | 0 | अ) ग्रेजुएट अप्रेंटिस हेतु एआईसीटीई द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से इंजीनियरिंग में स्नातक डिग्री (बीई/बीटेक)<br>ब) टेक्निकल/डिप्लोमा अप्रेंटिस हेतु संबंधित इंजीनियरिंग शाखा में एआईसीटीई द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से संबंधित डिप्लोमा<br>स) सभी उम्मीदवारों को अनिवार्य रूप से 10वीं पास होना चाहिए। इसके अतिरिक्त उन्होंने निर्धारित राष्ट्रीय ट्रेड प्रमाण पत्र परीक्षा (एनटीसी) अथवा स्टेट ट्रेड सर्टिफिकेट परीक्षा (एसटीसी) मध्य प्रदेश स्थित किसी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) से अनिवार्य रूप से उत्तीर्ण किया हो और राष्ट्रीय व्यवसायिक प्रशिक्षण (एनसीवीटी) भारत सरकार अथवा राज्य व्यवसायिक प्रशिक्षण परिषद (एससीवीटी) मध्य प्रदेश शासन से संबंधित ट्रेडों में मान्यता प्राप्त हो। |
| 2 | विद्युत इंजीनियरिंग | 2 | 3 | 0 | |
| 3 | यॉत्रिक इंजीनियरिंग | 2 | 2 | 0 | |
| 4 | विद्युत ट्रेड | 0 | 0 | 7 | |
| 5 | कम्प्युटर ऑपरेटर एवं प्रोग्रामिंग सहायक | 0 | 0 | 8 | |
| | **उपलब्ध कुल सीट** | **8** | **7** | **15** | |

**नोट:**

1. दूरस्थ/पत्राचार शिक्षा प्रणाली से डिग्री/डिप्लोमा/आईटीआई प्राप्त अप्रेंटिस हेतु पात्र नहीं हैं।
2. एनएचडीसी लिमिटेड संवर्ग के कर्मचारियों के वार्ड (पुत्र/पुत्री/विवाहित/विवाहिता) हेतु न्युनतम अंकों में छूट रहेगी।
3. उम्मीदवार को संबंधित डिसिप्लिन/ ट्रेड में बीई/बीटेक/डिप्लोमा/आईटीआई की ऊपर निर्धारित की गई योग्यता **दिनांक 22.09.2024** की स्थिति में पास होना चाहिए।
4. वे उम्मीदवार जिनके पास शैक्षिक उपरांत एक वर्ष का अनुभव हो अथवा एक वर्ष या अधिक की अप्रेंटिस ट्रेनिंग की हो वे आवेदन करने हेतु पात्र नहीं होंगे।

GSM(E) HR 13.09.24

**आरक्षण व छूट:**

1. अन्य पिछड़ा वर्ग(गैर गरीबी रेखा), अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति और नि:शक्तता से ग्रस्त श्रेणी के अंतर्गत आने वाले उम्मीदवारों हेतु अधिनियम की सीमा/शासकीय नियमों/विनियमों के अनुसार आरक्षण दिया जाएगा।
2. चूँकि रिक्तियों की संख्या अस्थायी है, जो परियोजना की आवश्यकता अनुसार घट बढ़ सकती है।
3. समस्तरीय (होरिजेंटल) आधार पर 3 प्रतिशत सीटें नि:शक्तता से ग्रस्त (नि:शक्तता सहित 40 प्रतिशत अथवा अधिक) उम्मीदवारों के लिए आरक्षित होंगी।
4. आयु गणना हेतु कटऑफ **दिनांक 22.09.2024** है।
5. सभी श्रेणियों हेतु आयु सीमा:

   अ) अधिकतम आयु 25 वर्ष : न्यूनतम आयु 18 वर्ष

   ब) अधिकतम आयु सीमा में छूट

   - अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति हेतु 5 वर्ष और अन्य पिछड़ा वर्ग(गैर गरीबी रेखा) हेतु 3 वर्ष
   - शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्तियों के लिए अतिरिक्त 10 वर्ष
   - एनएचडीसी लिमिटेड के नियमित कर्मचारियों के वार्ड (पुत्र/पुत्री/विवाहित/विवाहिता) अतिरिक्त 5 वर्ष
6. 'नि:शक्तता से ग्रस्त' से तात्पर्य है- 40 प्रतिशत से कोई नि:शक्तता कम न हो। नि:शक्तता (दृष्टि बाधित/ अंधापन चलने में नि:शक्तता तथा श्रवण नि:शक्तता) जैसा की 'नि:शक्तता से ग्रस्त' (सामान अवसर, सुरक्षा का अधिकार तथा पूर्ण सहभागिता) अधिनियम 1995 के अनुसार चिकित्सा प्राधिकारी द्वारा प्रमाणित किया गया है।
7. परियोजना से प्रभावित परिवारों (अर्थात एनएचडीसी लिमिटेड की परियोजनाओं द्वारा) के पात्र उम्मीदवारों को परियोजना प्रभावित वैध प्रमाण पत्र पस्तुत करने पर वरीयता दी जाएगी।

**आवेदन कैसे करें:**

1. आवेदकों को एनएचडीसी लिमिटेड इंदिरा सागर पावर स्टेशन में स्नातक/डिप्लोमा/टेक्निशियन(व्यवसायिक)/आईटीआई अप्रेंटिस ट्रेनिंग में आवेदन करने से पहले इस अधिसूचना में दी गई सभी निबंधन व शर्तों को भलीभाँति पढ़ लेना चाहिए।
2. ऊपर दिए गए पात्रता मापदण्ड पूरा करने वाले उम्मीदवार जो टेक्निशियन (व्यवसायिक)/आईटीआई ट्रेड अप्रेंटिस हेतु आवेदन करना चाहते हो उन्हें, आवश्यक रूप से ऑनलाइन अप्रेंटिससिप पोर्टल/वेबसाइट **(https://www.apprenticeshipindia.gov.in)** के माध्यम से आवेदन करना चाहिए। एनएचडीसी इंदिरा सागर पावर स्टेशन हेतु आवेदन करने के उपरांत उम्मीदवार को विधिवत प्रमाणित पंजीकरण स्लिप की प्रति/भरा हुआ आवेदन(ऑनलाइन पोर्टल से जनरेटेड) के साथ कागजातों की स्वप्रमाणित प्रतियों जैसा की नीचे कहा गया है। निर्धारित अंतिम तारीख के अंदर भेजनी चाहिए।
3. ऊपर दिए गए पात्रता क्राइटेरिया पूरा करने वाले उम्मीदवार जो ग्रेजुएट और टेक्निकल/डिप्लोमा अप्रेंटिस संबंधित डिसिप्लिन/ट्रेड में आवेदन करना चाहते हो उन्हें, आवश्यक रूप से ऑनलाइन BOAT वेबसाइट पोर्टल **(https://nats.education.gov.in)** के माध्यम से आवेदन करना चाहिए। एनएचडीसी लिमिटेड इंदिरा सागर पावर स्टेशन हेतु आवेदन करने के उपरांत उम्मीदवार को विधिवत प्रमाणित पंजीकरण स्लिप की प्रति/भरा हुआ आवेदन(ऑनलाइन पोर्टल से जनरेटेड) के साथ कागजातों की स्वप्रमाणित प्रतियों जैसा की नीचे कहा गया है। निर्धारित अंतिम तारीख के अंदर भेजनी चाहिए।
4. पूर्ण आवेदन में निम्नलिखित सहायक कागजातों की स्वप्रमाणित प्रतिया शामिल होनी चाहिए-

   i) जन्म की तारीख का प्रमाण/हाईस्कूल की अंकतालिका/प्रमाण पत्र

   ii) शैक्षिक योग्यता के पक्ष में कागजात अर्थात अंकतालिका/प्रमाण पत्र

   iii) तकनीकी योग्यता के पक्ष में कागजात अर्थात बीई/बीटेक/डिप्लोमा के सभी सेमेस्टरों की अंकतालिकाएँ

   iv) मध्य प्रदेश अधिवास प्रमाण पत्र

   v) यदि लागू हो तो निर्धारित फॉर्मेट में वैध जाति प्रमाण पत्र (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग)

   vi) यदि लागू हो तो अन्य पिछड़ा वर्ग(गैर गरीबी रेखा) हेतु स्वयं - वचनबंध पत्र

   vii) यदि शारिरिक रूप से विकलांग हैं तो जिला चिकित्सा बोर्ड से नि:शक्तता प्रमाण पत्र

   viii) यदि एनएचडीसी लिमिटेड के कर्मचारी के पुत्र/पुत्री/विवाहित/विवाहिता अप्रेंटिस हेतु आवेदन करते हैं, तो कर्मचारी प्रमाण पत्र की प्रति

5. लिफाफे में कागजातों सहित पूर्ण आवेदन रखकर लिफाफे के ऊपर **"ग्रेजुएट अप्रेंटिस/डिप्लोमा अप्रेंटिस/ट्रेड/आईटीआई अप्रेंटिस- 2024-25 हेतु आवेदन"** शीर्षांकित होना चाहिए।
6. उपर्युक्त वर्णित कागजातों की स्वप्रमाणित प्रतियों साथ सभी तरह से विधिवत पूर्ण आवेदन प्रपत्रों को **उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन) एनएचडीसी इंदिरा सागर पावर स्टेशन, नर्मदा नगर जिला खण्डवा (म.प्र.) पिन 450119 को भेजे जाएं।**
7. टेक्निशियन(व्यवसायिक)/आईटीआई ट्रेड अप्रेंटिस के मामले में अप्रेंटिससिप पोर्टल/वेबसाइट **(https://www.apprenticeshipindia.gov.in)** के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन हेतु एवं ग्रेजुएट/डिप्लोमा/अप्रेंटिस के संदर्भ में BOAT वेबसाइट पोर्टल **(https://nats.education.gov.in)** के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन हेतु **अंतिम तारीख 12.10.2024** नियत है। अधिसूचित अंतिम तारीख के उपरांत आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएगा अथवा पंजीकृत आवेदन की प्रति बिना संबंधित कागजातों जैसा की ऊपर निर्धारित किया गया है, रद्द कर दी जाएगी।
8. पात्र उम्मीदवारों के आवेदन केवल ऑनलाइन तरीके से विचार किए जाएंगे। किसी भी हालत में ऑफलाइन आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।
9. एनएचडीसी लिमिटेड, इंदिरा सागर पावर स्टेशन आवेदनों की प्राप्ति में किसी डाक/कुरियर हानि अथवा विलंब के लिए उत्तरदायी नहीं होगा।

**चयन प्रक्रिया:**

1. विज्ञापन/ऑनलाइन पोर्टल के अनुसार प्राप्त सभी आवेदनों की पात्रता सुनिश्चित करने के लिए छानबीन की जाएगी। प्राप्त पात्र आवेदनों के आधार पर ग्रेजुएट/डिप्लोमा/आईटीआई अप्रेंटिस हेतु चयन प्रक्रिया विनिश्चित की जाएगी।
2. एनएचडीसी संवर्ग कर्मचारियों के वार्ड (पुत्र/पुत्री/विवाहित/विवाहिता) से प्राप्त आवेदनों पर अलग से विचार किया जाएगा।

**वृत्तिका की दर:**

इंदिरा सागर पावर स्टेशन में संबंधित अप्रेंटिससिप प्रशिक्षण हेतु चयनित उम्मीदवारों को नीचे दर्शाए गए अनुसार समेकित मासिक वृत्तिका का भुगतान किया जाएगा। अन्य भत्ते अथवा अतिरिक्त परलब्धियों को उन्हें भुगतान नहीं किया जाएगा।

1. ग्रेजुएट अप्रेंटिस के लिए - 9000/- रुपए प्रतिमाह
2. टेक्निकल/डिप्लोमा अप्रेंटिस के लिए - 8000/- रुपए प्रतिमाह
3. टेक्निशियन (व्यवसायिक)/आईटीआई इलेक्ट्रीशियन अप्रेंटिस के लिए - 8050/- रुपए प्रतिमाह
4. टेक्निशियन (व्यवसायिक)/आईटीआई कम्प्युटर ऑपरेटर एवं प्रोग्रामिंग सहायक (कोपा) अप्रेंटिस के लिए - 7700/- रुपए प्रतिमाह

**सामान्य अनुदेश:**

1. ऑनलाइन के माध्यम से अप्रेंटिस ट्रेनिंग हेतु आवेदन करने से पहले प्रत्याशित उम्मीदवार विस्तृत अधिसूचना हेतु हमारी वेबसाइट **www.nhdcindia.com** अनिवार्य रूप से देखें और सुनिश्चित करें कि वे आवेदन करने के लिए पात्र हैं।
2. उम्मीदवारों को वैध ई-मेल आईडी और मोबाइल नंबर रखने की सलाह दी जाती है, जिसकी आवेदन फार्म में प्रविष्टि की जानी हैं। उन्हें यह भी सलाह दी जाती है कि वे अपने ई-मेल आईडी और मोबाइल नंबर छह महीनों के लिए प्रतिधारित करें क्योंकि अप्रेंटिस से संबंधित कोई सूचना उन्हीं के माध्यम से संप्रेषित की जाएगी।
3. उम्मीदवार नोट करें कि यदि अप्रेंटिस के रूप में चयन किए जाते हैं तो प्रशिक्षण की पूर्णता अप्रेंटिस बोर्ड ट्रेनिंग (BOAT) मुंबई तथा क्षैत्रीय निदेशक अप्रेंटिससिप ट्रेनिंग(RDAT) भोपाल, जैसा भी मामला हो, अप्रेंटिससिप के पंजीकरण के अधीन होंगे। (BOAT) मुंबई अथवा (RDAT) भोपाल किसी कारण से किसी उम्मीदवार की अप्रेंटिससिप पंजीकरण करने से मना करते हैं, तो ऐसी उम्मीदवारी समाप्त कर दी जाएगी और उसे "अप्रेंटिससिप प्रमाण पत्र" जारी नहीं किया जाएगा।
4. यदि प्रशिक्षण की किसी प्रवस्था में यह पाया जाता है कि उम्मीदवार ने असत्य/गलत सूचना दी है अथवा किसी तथ्यात्मक सूचना को छुपाया है तो उसकी अप्रेंटिससिप रद्द कर दी जाएगी और नियमों की सीमा अनुसार उपयुक्त विधिक कार्रवाई की जाएगी।

5. यदि कोई उम्मीदवार ऑनलाइन भरे हुए आवेदन की किसी सूचना में बदलाव/आशोधन करना चाहता है तो वह ऑनलाइन किए गए आवेदन की अधिसूचित अंतिम तारीख के अंदर पहले आवेदन को रद्द करके उसे पुन: आवेदन करना है।

6. उम्मीदवार, चयन प्रक्रिया हेतु एनएचडीसी लिमिटेड, इंदिरा सागर पावर स्टेशन, नर्मदा नगर द्वारा बनाए गए नियमों द्वारा बाध्य होगा।

7. एनएचडीसी लिमिटेड, इंदिरा सागर पावर स्टेशन में स्वीकृत अप्रेंटिससिप अवधि के दौरान चयनित अप्रेंटिस शिक्षुओं को एनएचडीसी लिमिटेड कोई आवास/वाहन सुविधा उपलब्ध नहीं कराएगा। इसके लिए उन्हें स्वयं व्यवस्था करना होगी।

8. एनएचडीसी लिमिटेड प्रबंधन के पास प्रक्रिया को संशोधित करने/पुन: तारीख देने/रद्द/निलंबन करने का बिना कोई कारण बताए अधिकार सुरक्षित है। प्रबंधन का निर्णय अंतिम होगा और किसी अपील पर विचार नहीं किया जाएगा।

9. इस अप्रेंटिससिप के संबंध में उत्पन होने वाला कोई विवाद केवल जिला खण्डवा (मध्य प्रदेश) न्यायालय तक सीमित होगा।

10. यदि हिंदी और अंग्रेजी के विज्ञापन में कोई अंतर होता हैं तो अंग्रेजी वर्जन को प्रमाणित माना जाए।

11. आगामी विस्तृत सूचना व इस अधिसूचना पर आगामी आशोधन/शुद्धि पत्र, यदि कोई हो तो उम्मीदवार हमारी कार्यालयीन वेबसाइट www.nhdcindia.com का नियमित रूप से अवलोकन करें।

12. **कृपया नोट करें कि विज्ञापन केवल 01 वर्ष की अप्रेंटिस प्रशिक्षण में लगाने के लिए है और कंपनी में किसी भी जॉब/रोजगार के लिए नहीं है। अप्रेंटिस के रूप में पात्र उम्मीदवारों के केवल लगाने से एनएचडीसी लिमिटेड में किसी प्रकार के रोजगार दावा करने हेतु उन्हें पात्र नहीं बनाता है। एनएचडीसी लिमिटेड ऐसे उम्मीदवारों को किसी रोजगार का प्रस्ताव नहीं देगा और इस संबंध में किसी प्रकार का पत्राचार नहीं किया जाएगा।**

GSM(CB)HR
13.09.24